# सीसीएल में सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई



सम्मान समारोह में उपस्थित सेवा निवृत कर्मियाँ

सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत सर्वश्री दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग, एहसान अहमद, मुख्य प्रबंधक (असैनिक), असैनिक विभाग, गिरिजेश कुमार, मुख्य प्रबंधक (असैनिक), असैनिक विभाग, पी.एस. दास गुप्ता, वरीय डाटा इंट्री सुपरवाईजर, 'ए 1', पेंशन विभाग तथा केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर से श्री बिकास चटर्जी, वरीय लैब टेकनिशियन, श्रीमती फुलमनियाँ देवी, वरीय आया को आज संध्या सीसीएल परिवार की ओर से सीसीएल मुख्यालय के "कन्वेंशन सेन्टर" में सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। कोविड–19 के कारण लंबे अंतराल के बाद 'सम्मान समारोह' का आयोजन सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये किया गया।

मुख्यालय, राँची में आयोजित सम्मान समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये महाप्रबंधक (कल्याण) डॉ अशोक कुमार सिंह ने उपस्थित कंपनी के वरिष्ठतम सेवानिवृत कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया तथा सभी को पुष्पमाला, पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र, सेवाकाल प्रमाण–पत्र, ग्रेच्यूटी चेक तथा मेडिकल कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया साथ ही कहा कि सीएमपीएफ का भुगतान आरटीजीएस के द्वारा शीघ्र किया जायेगा। सेवानिवृत कर्मियों को तुलसी का पौधा भी प्रदान किया गया। पूरे सीसीएल से अगस्त माह में 122 सेवानिवृत कर्मियों को सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।

महाप्रबंधक (कल्याण) डॉ अशोक कुमार सिंह ने सीसीएल वृहद परिवार की तरफ से सेवानिवृत हो रहे सभी वरिष्ठतम सदस्यों का अभिनन्दन किया और सभी के जीवन की दूसरी पारी में स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

इस अवसर पर सेवानिवृत कर्मियों ने भी अपने–अपने कार्य अनुभव व विचार व्यक्त किए। सभी ने कंपनी के दिन दूनी रात चौगुनी सफलता की कामना की। उन्होंने कहा कि कंपनी ने पहले से काफी तरक्की की है और हमारी शुभकामनाएँ सीसीएल के साथ है। सम्मान समारोह के आयोजन के लिए सभी ने आभार व्यक्त किया।


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
दरभंगा हाउस, कचहरी रोड, राँची – 834029, (झारखण्ड)
स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर
TOLL FREE NO. 18003456501
सम्पर्क करें : @CCLRanchi @CentralCoalfieldsLtd centralcoalfieldltd Central Coalfields Limited www.centralcoalfields.in
सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, सहायक प्रबंधक (सीडी), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित (आंतरिक वितरण हेतु)






अंक : 559 वर्ष 42
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका
राँची, 31 अगस्त, 2020


# सीसीएल में "स्वतंत्रता दिवस समारोह" हर्षोल्लास के साथ मनाया गया
## सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को सलामी दी



झण्डोत्तोलन करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

मुख्यालय राँची तथा सभी क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त, 2020 समारोह सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यालय स्थित 'कॉन्वेंशन सेन्टर' के प्रांगण में सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया तथा उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी।



कन्वेंशन सेन्टर में भाषण देते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

समारोह में विशिष्ट अतिथि निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, कर्मी एवं अन्य सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे। स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण सीसीएल के फेसबुक, ट्वीटर, यूट्यूब पर किया गया जिसे मुख्यालय के साथ–साथ सभी क्षेत्रों में कर्मियों एवं यूनिटों, स्टेकहोल्डर्स के लिए लाईव प्रसारण सोशल डिस्टेंशिंग, मास्क आदि पहन कर देखनें की व्यवस्था की गयी थी।

अपने संबोधन में श्री गोपाल सिंह ने उपस्थित सभी को 74वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि हम भारतीयों के वजूद के प्रतीक तिरंगे को एवं आजादी के जंग में शहीद हुए अपने पूर्वजों को सीसीएल वृहद् परिवार की ओर से शत–शत नमन और वंदन करता हूँ। आइये हम सब मिलकर संकल्प करें कि अपने पूर्वजों के स्वप्न को साकार करेंगे और आत्मनिर्भर भारत बनने में अहम भूमिका निभायेंगे।

उन्होंने कहा कि आज देश कोरोना संक्रमण के दौर से गुजर रहा है और यह हमारे पूर्वजों का आशिर्वाद है कि इस महामारी के दौर में भी हमारे कोरोना योद्धा  बहादुरी के साथ कोरोना से जंग लड़ रहे हैं और जीत हासिल कर रहे हैं। मानवता विशेषकर झारखण्डवासियों की सेवा करने के लिए सीसीएल वृहद परिवार ने अपने सेन्ट्रल अस्पताल – गांधीनगर एवं नईसराय को कोविड अस्पताल में तब्दील कर दिया है और दोनों अस्पताल की सफलता दर लगभग शत–प्रतिशत है। दोनों अस्पतालों में सीसीएल कर्मी सफाई, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं चिकित्सकों की पूरी टीम झारखण्डवासियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कोरोना से जंग लड़ रहे हैं और राज्यवासियों की सेवा कर रहे हैं।

उन्होंने अपने संबोधन में विस्तार से सीसीएल के विभिन्न सीएसआर कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि सीसीएल लॉकडाउन के दौरान कोयला उत्पादन करते हुये सभी क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन से मिलकर यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी भुखा न सोयें। उन्होंने कहा कि कोल वारियर्स के कारण ही पूरे देश में बिजली अनवरत आपूर्ति हो रहा है और किसी घर में अगर 10 बल्ब रौशनी देता है तो उसमें 07 बल्ब पावर प्लांट से संबंधित है। उन्होंने बताया कि आगामी वर्षो में कोयला उत्पादन बढ़कर 207 मिलियन टन होने जा रहा  है। उन्होंने कहा

कि कोयला उत्पादन में भी विभागीय योगदान अहम रहेगा। माननीय केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा शिलान्यास किये गये ईको पार्क के बारे में जानकारी देते हुये श्री सिंह ने कहा कि इस निर्माण होने वाले वाटिका में कायाकल्प विद्यालय, दिव्यांग केन्द्र, चिल्ड्रेन पार्क आदि भी शामिल होंगे। श्री सिंह ने बताया कि सीसीएल वृहद परिवार के वालिटियर्स ने हमारे कमांड जोन में रह रहे लोगों के बीच लगभग 490 क्वींटल सुखा अनाज एवं अन्य सामग्रियों का वितरण किया ताकि हमारे कमांड जोन में कोई भी व्यक्ति भुखा न सोयें। लगभग 35 हजार से अधिक मास्क एवं लगभग 3 हजार बोतल सेनिटाईजर के साथ–साथ अन्य सामग्रियों का भी सूचारू रूप से वितरण किया गया। श्री सिंह ने कहा कि संबंधित जिलों को 20–20 लाख रूपये एवं झारखण्ड डिजास्टर फंड में भी 20 करोड़ रूपये का योगदान किया गया है।

उन्होंने अपने संबोधन में सीसीएल कमांड जोन में संचालित 59 स्कूलों में पढ़ रहे 34383 छात्र–छात्राओं, सीसीएल के लाल एवं लाडली छात्रवृति योजना, स्पोर्टस अकादमी के बारे में विस्तार से बताया। इस वर्ष झारखण्ड सरकार के साथ किये गये एमओयू के अंतर्गत कुजू क्षेत्र की खदानों से रामगढ़ जिला में करीब 17 गांवों की 14 हजार जनसंख्या को पीने का पानी उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में सीसीएल द्वारा 230 हेक्टेयर में करीब 5.5 लाख से ज्यादा पौधें लगाये गये हैं और इस वर्ष वन महोत्सव के अंतर्गत एक लाख फलदार पौधों का वितरण किया गया है तथा करीब 55 हेक्टेयर भूमि पर वृक्ष तथा अन्य प्रजातियों के पौधों का रोपण होगा।

कार्यक्रम के दौरान कोरोना वारियर्स से संबंधित 'कायाकल्प पत्रिका' का मुख्य अतिथि एवं निदेशकगण द्वार विमोचन किया गया। निदेशक(कार्मिक), सीसीएल/ईसीएल श्री विनय रंजन ने पत्रिका के सफल प्रकाशन पर बधाई दिया और कहा कि कोरोना के संकट काल में कोल कर्मियों एवं स्टेकहोल्डर्स का सराहनीय योगदान रहा है। जनसम्पर्क विभाग द्वारा यह पत्रिका प्रकाशित किया गया है।

सीसीएल. दरभंगा हाउस, राँची में कार्यरत दस (10) सुरक्षा कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर उनकी प्रतिब)ता, प्रचुरता, ईमानदारी, वफ़ादारी एवं उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

## लातेहार के 167 आंगनबाड़ी केन्द्र बनेंगे मॉडल केन्द्र

## झारखण्ड के 628 आंगनबाड़ी केन्द्र का सीसीएल करेगा कायाकल्प

विगत 10 अगस्त को सीसीएल एवं लातेहार जिला प्रशासन के बीच 167 आंगनबाड़ी केन्द्र को मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र विकसित करने के लिए उपायुक्त जिशान कमर की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र विकसित करने के लिए समझौता पत्र पर जिला प्रशासन की ओर से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती प्रीति सिन्हा एवं सीसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री ए के सिंह ने हस्ताक्षर किए।

उपायुक्त जिशान कमर ने लातेहार में सीसीएल द्वारा किये जा रहे विभिन्न विकास एवं कल्याण कार्यों कि सराहना करते हुये कहा कि सीसीएल द्वारा विकसित मॉडल आँगनबाड़ी केन्द्र से बच्चे एवं महिलाएं अवश्य लाभान्वित होंगे।

सीसीएल के महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री ए के सिंह ने इस अवसर पर कहा कि सीसीएल खनन क्षेत्रों के विकास एवं विस्थापितों को सारी सुविधा मुहैया कराने के लिए हम सभी कृतसंकल्पित है। सीसीएल द्वारा 'ग्रामीण, गरीबों एवं श्रमिकों के सर्वांगिण विकास को प्राथमिकता देते हुये विभिन्न कायाकल्प योजनाओं के माध्यम से लागू करने हेतु सतत अग्रसर है।

विदित हो कि सीसीएल द्वारा अबतक राँची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो एवं लातेहार जिला प्रशासन के साथ किये जा चुके समझौते ज्ञापन के अंतर्गत 628 आंगनबाड़ी केन्द्रों को 09 करोड़ 42 लाख की लागत से मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा। प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मत,



समझौता ज्ञापन करते उपायुक्त, लातेहार तथा सीसीएल कर्मी

रंगाई के साथ–साथ बच्चों के लिए चित्र एवं अन्य आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध करायी जायेंगी।

समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर के अवसर पर महाप्रबंधक (मगध–अम्रपाली) श्री ए के चौबे, मुख्य प्रबंधक (सीएसआर/असैनिक) श्री एस एस लाल, सहायक प्रबंधक (सीएसआर/असैनिक) श्री आशीष कुमार, सहायक प्रबंधक (सीएसआर) श्री मोहसिन रजा, एडीएफ श्रीमती प्रिति प्रियदर्शनी, एडीएफ श्री राहुल रमण सहित अन्य उपस्थित थे।

## परियोजना प्रभावित परिवारों के "सर्वांगीण विकास" के लिए सीसीएल प्रतिबद्ध

### मगध–आम्रपाली क्षेत्र में सीएसआर के अंतर्गत किए जा रहे हैं कई जन–कल्याण कार्य

'गरीब, ग्रामीणों एवं श्रमिकों का सर्वांगीण विकास' विगत वर्षों से सीसीएल की प्राथमिकता रही है। इसी उद्देश्य से काम करते हुए वर्षों से लंबित मगध–आम्रपाली परियोजना का न सिर्फ शुभारंभ किया गया बल्कि क्षेत्र के विकास एवं प्रगति के लिए 'कायाकल्प योजनाओं' के माध्यम से अनेको कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। सीसीएल द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, रोजगार, आदि क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से



समाज के अंतिम व्यक्ति के सर्वांगींण विकास हेतु सतत प्रयास किये जा रहे हैं।

सीसीएल क्षेत्र के विकास और प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी कल्याणकारी योजनाओं को और तेजी से क्रियान्वयन किया जायेगा।

मगध–आम्रपाली क्षेत्र के 51 परियोजना प्रभावित बच्चों को गोद लिया गया है, जिन्हे संत जोसेफ स्कूल, मंडेर और संत थॉमस स्कूल, टंडवा में हॉस्टल की सुविधा के साथ शिक्षा मुहैया करायी जा रही है। सीसीएल द्वारा शिक्षा से संबंधित खर्च यानि स्कूल फीस, हॉस्टल फीस, किताबें, स्टेशनरी आदि का भुगतान सीएसआर के तहत किया जा रहा है। साथ ही सीएसआर पहल के अंतर्गत परियोजना प्रभावित ग्रामीणो के बच्चों को स्कूल आने जाने के लिए 52 सीट वाली 02 (दो) स्कूल बस (वाहन) का परिचालन किया जा रहा है, एक बस आम्रपाली परियोजना के बच्चों और दूसरी मगध परियोजना के बच्चों के लिए उपलब्ध कराई गयी है। इन बसों का उद्घाटन सिमरिया के माननीय विधायक श्री किशुन दास जी द्वारा किया गया। दोनों परियोजना के विस्थापित गाँवों के विभिन्न सरकारी एवं निजी स्कूलों में 387 डेस्क एवं बेंचों का वितरण किया गया है। फुलबसिया गाँव स्थित स्कूल की बॉउंड्री का भी निर्माण किया गया है साथ ही ग्राम कुंडी में भी स्कूल का निर्माण किया जा रहा है।

विस्थापित एवं प्रभावित ग्रामीणो को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु सीसीएल प्रतिबद्ध है और इस क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में 40 सौर ऊर्जा संचालित डीप बोरवेल स्थापित किये गए हैं। साथ ही ग्राम कुमरांग कला में आरओ प्लांट लगाया गया है जिसकी क्षमता 2000 लीटर प्रति घंटा है, इस आरओ प्लांट से आसपास के ग्रामीणो को निःशुल्क पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है । क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में 13 कुआँ का निर्माण और 38 हैंडपंप लगाया जा चुका है।

अब तक मगध परियोजना में 325 एवं आम्रपाली परियोजना में 77 विस्थापितों को भूमि के बदले सीसीएल में स्थायी नौकरी प्रदान की जा चुकी है। इसके अलावा सीसीएल प्रबंधन की अनुशंसा के आधार पर आउटसोर्शिंग कंपनियाँ मगध परियोजना में 418 एवं आम्रपाली परियोजना में 700 प्रभावित एवं विस्थापित रैयतों को उनकी दक्षता (कुशल व अकुशल) के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया है। उत्पादन एवं प्रेषण कार्यों में भी रोजगार के अन्य अवसर का सृजन हो रहे हैं जिससे स्थानीय ग्रामीण अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं।

सीसीएल के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा विभिन्न विस्थापित गाँवों में नियमित अंतराल पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है, जिसमे ग्रामीणों की निःशुल्क जाँच, चिकितसीय परामर्श के साथ–साथ आवश्यक दवाएँ भी उपलब्ध कराई जाती है। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मगध–आम्रपाली परियोजनाओं में एक–एक नया एम्बुलेंस सीएसआर के अंतर्गत संचालन किया जा रहा है जिससे 24 घंटे आपात सेवा उनके लिए उपलब्ध है।

क्षेत्र में सीसीएल प्रबंधन द्वारा विभिन्न गांवों में 7 तालाब का निर्माण/सुन्दरीकरण किया गया है। टेलीयादिह पंचायत में तालाब का सुन्दरीकरण सिमरिया विधायक श्री किशुन दास जी द्वारा किया गया। साथ ही साथ क्षेत्र में सड़कों का जाल सीसीएल द्वारा विकसित किया जा रहा है। ग्राम होनहे, उरसू, बिंगलात, कुंरांग खुर्द में डब्ल्यूबीएम तथा कुंरांग कला में पीसीसी ग्रामीण सड़क का निर्माण किया गया ।

कोरोना काल में सीसीएल ने अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुये क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभायी है। जिला प्रशासन को कोरोना महामारी के लड़ाई में मजबूती लाने के लिए चतरा एवं लातेहार जिला को दस दस लाख रुपया सीएसआर फ़ंड से दिया गया। विभिन्न गाँवों में सुखा अनाज के 3800 पैकेट वितरित किये गये और इसके अतिरिक्त जरूरतमंद लोगों को भी अनाज उपलब्ध कराया गया। टंडवा ब्लॉक ऑफिस, उरसु, बिमलात, कुमरांग कला आदि गाँवों को सैनिटाईज किया गया एवं 7500 मास्क भी वितरित किये गये।

एक जिम्मेदार सार्वजनिक उपक्रम के रूप में सीसीएल समाज के प्रत्येक सदस्यों के प्रति अपने कर्तव्यों के सफलतापूर्वक निर्वहन हेतु सतत प्रयासरत है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाने के लिए सीसीएल का प्रत्येक सदस्य अपनी भूमिका निभा रहा है।

## महाप्रबंधक (वित्त) ने ओबीएस का चेक श्रीमती बबिता बेहरा को सौंपा

विगत 11 अगस्त को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस, राँची में सीसीएल ओबीएस की ओर से ग्रुप एलआईसी का रूपये 5,32,255 (पाँच लाख बत्तीस हजार दो सौ पचपन रूपये) का चेक सीसीएल के पिपरवार क्षेत्र में कार्यरत पूर्व स्टाफ ऑफिसर (पी एण्ड पी) स्व. पी.एल. बेहरा की धर्मपत्नी श्रीमती बबिता बेहरा को सीसीएल के महाप्रबंधक (वित्त) श्री राजेन्द्र सिंह सलुजा ने प्रदान किया।

इससे पूर्व श्रीमती बबिता बेहरा को ओबीएस द्वारा रूपये 4,50,000/– (चार लाख पचास हजार) का चेक दिया जा चुका है।

इस अवसर पर सीसीएल ओबीएस के कोषाध्यक्ष श्री संजीव प्रसाद, श्री विनय कुमार शंकर, श्री सुरेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।



श्रीमती बबिता बेहरा को ओबीएस का चेक सौंपते महाप्रबंधक (वित्त)